**अग्निकांड** लाखों का सामान जलकर खाक

# प्लास्टिक की 3 मंजिला दुकान में भड़की आग

**7 फायर वाहनों ने संभाला मोर्चा, 25 ट्रिप पानी से बुझाई आग**



**नवभारत,जबलपुर।** गलगला मुकादमगंज रोड पर स्थित प्लास्टिक की तीन मंजिला दुकान में बीती देर रात करीब 3 बजे अचानक आग भड़क उठी जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की खबर मिलते ही मुकादमगंज के व्यापारियों का समूह मौके पर पहुंचा और तत्काल फायर अमले को आग लगने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के 7 वाहनों के द्वारा 25 ट्रिप पानी से भीषण आग को बुझाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि नगर निगम के फायर ब्रिगेड के अमले द्वारा प्लास्टिक की तीन मंजिला दुकान में भड़की आग को रात 3 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक पूरी तरह से बुझा लिया गया था। समय पर अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो मुकादमगंज स्थित कई दुकानें और पटाखा दुकानें इसकी चपेट में आ जाती और फिर शहर में बहुत बड़ा अग्निकांड भी घटित हो जाता। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट तो नहीं हो पाई है लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि दुकान में शॉट सर्किट हुआ होगा और फिर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

### दुकान के ऊपरी हिस्से में था गोदाम

जानकारी के अनुसार हितेश टहलानी की प्लास्टिक की दुकान में रखा लाखों रुपयों का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। इस तीन मंजिला दुकान के निचले हिस्से में दुकान संचालित होती थी और ऊपर मंजिल पर गोदाम बनाकर दुकान संचालक ने रखा था। हर साल की तरह इस वर्ष की दीवाली में साज-सज्जा का सामान वह लाकर अपनी दुकान व गोदाम में रखा हुआ था कि इस अग्निकांड ने पूरा सामान जलाकर खाक कर दिया।

### प्लास्टिक में अंदर ही अंदर सुलगती है आग

बताया जा रहा है कि प्लास्टिक की दुकान में आग भड़की थी और यह प्लास्टिक में लगी आग अंदर ही अंदर धीरे धीरे सुलगती रहती है इसलिए नगर निगम के फायर अमले ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तक कूलिंग का काम भी जारी रखा जिससे कहीं आग फिर से न भड़क जाए।

**बारूद के ढेर पर बैठा है मुकादमगंज इलाका**

महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मुकादमगंज का इलाका एक तरह से बारुद की ढेर पर बैठा हुआ है। दीपावली में इस्तेमाल होने वाले पटाखों से लेकर तमाम थोक कारोबार की दुकान और गोदाम यहीं पर संचालित हो रहे हैं। तंग गलियों के बीच बड़ी आबादी भी बसी हुई है। फायर ब्रिगेड के आने जाने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है। अनेक बार यहां के गोदाम हटाने की पहल प्रशासनिक स्तर पर हुई लेकिन न जाने किस दबाव में ठंडी हो जाती रही है। वो तो गनीमत रही कि प्लास्टिक की दुकान में भड़की आग अन्य किसी दूसरी दुकान तक नहीं पहुंची नहीं तो शहर में एक बड़े अग्निकांड की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**इनका कहना है**

मुकादमगंज के पास प्लास्टिक की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद 7 फायर वाहनों के जरिए 25 ट्रिप पानी से आग पर काबू पा लिया गया था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तक प्लास्टिक में अंदर ही अंदर सुलग रही आग को भी पूरी तरह बुझा लिया गया।

**राजेंद्र पटैल**
**सहायक फायर अधीक्षक**

**दो आरोपियों को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर शहर लाई पुलिस**

# गोलीकांड कर किराए की कार से शिर्डी दर्शन करने पहुंचे थे आरोपी

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित होटल में फिल्मी स्टाइल में मंगलवार शाम घुसकर होटल संचालक पर पिस्टल से फायरिंग करने वाले आरोपी वारदात के बाद किराए की कार ली और इसके बाद शिर्डी दर्शन करने पहुंच गए थे। लोकेशन ट्रेस होने पर महनमहल पुलिस ने शिर्डी में स्थानीय पुलिस को खबर कर दी थी जिसके बाद दोनों को दबोच लिया गया। दोनों आरोपियों के पकड़े जाने की जानकारी लगते ही शहर से एक टीम महाराष्ट्र रवाना हुई और आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को शहर लेकर आ गई। आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। विदित हो कि अश्वनी पारिया 43 वर्ष निवासी गेट न. 4



ने का अभिनंदन वेज रेस्टोरेंट बस स्टैण्ड में है। अश्वनी पारिया मंगलवार दोपहर से काउंटर पर बैठे थे शाम करीब 4:22 बजे गोली विश्वकर्मा निवासी घमापुर का पिस्टाल लेकर घुसा और सीधे फायर कर दिया था पहला राउंड चला नहीं तो इसके बाद ताबड़तोड़ तीन राउंड गोलियां चला दी। होटल मालिक जान बचाने के लिए काउंटर के नीचे झुक गए थे और उन्हें गोली नहीं लग पाई थी। इसके बाद गोली चलाने वाला बाहर मोटर सायकिल में पहले से बैठे अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया था।

### पत्नी ने बुक की कार बरगी से भागे महाराष्ट्र

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोलू की पत्नी ने अपने परिचित को फोन लगाया था और किराए की कार को बुक की थी। योजना के मुताबिक ड्राइवर को गोर तिराहा बुलाया कार पहुंचने के बाद वह कार में बैठी और ड्राइवर को बरगी ले गई जहां पहले से गोलू और अनुप इंतजार कर रहे थे। इसके बाद वह शिर्डी पहुंच गए थे ड्राइवर को इसकी जानकरी नहीं थी कि जिन्हें वे शिर्डी ले जा रहा है वे गोलीकांड के आरोपी है। हालांकि बाद में पुलिस ने लोकेशन पर दोनों को दबोच लिया।

### गोलू पर नौ अपराध दर्ज

गोलीकांड के मुख्य आरोपी गोलू विश्वकर्मा उर्फ महेश विश्वकर्मा 35 वर्षीय पिता सोहन विश्वकर्मा का अपराधिक रिकॉर्ड है। जिसके खिलाफ घमापुर थाने में हत्या के प्रयास, आबकारी एक्ट, बलवा, मारपीट, जुआ, के पूर्व से नौ अपराध दर्ज है जबकि उसके साथी अनुप केवट उर्फ बकरा 21 वर्षीय ने पहली बार क्राइम किया है।

### घर के स्टोर रूम में छिपाई थी टूव्हीलर, पिस्टल

बस स्टैंड चौकी प्रभारी जगन्नाथ सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी वारदात के बाद घर पहुंचा था इसके बाद वारदात में प्रयुक्त टूव्हीलर और पिस्टल को घर के स्टोर रूम में छिपाई थी। आरोपियों को शिर्डी से गिरफ्तार कर शनिवार शहर लाने के बाद गोलू के घर में पुलिस ने दबिश दी और स्टोर रूम से घटना में प्रयुक्त टूव्हीलर और पिस्टल समेत मोबाईल को जब्त किया है।

### टेबल में मारी लात तो जड़ा था थप्पड़

पुलिस के मुताबिक जांच में यह बात सामने आई कि दो अक्टूबर को गोलू अपने परिवार के साथ होटल में खाना खाने पहुंचा था इस दौरान उसने टेबल में लात मार दी थी इसका विरोध वेटर ने किया था। जिसके बाद विवाद बढ़ गया और वेटर ने गोली को थप्पड़ मार दिया था। जिसके बाद गोली ने बदला लेने की योजना बनाई थी।

# मां-बेटी की जान लेने वाला डंपर चालक हुआ फरार

**परिवार में पसरा मातम, नम आंखों से दी अंतिम विदाई**


**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत लम्हेटा वायपास में शुक्रवार रात्रि मां बेटी की जान लेने वाला डंपर चालक फरार हो गया है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश में है लेकिन अब तक उसका कहीं सुराग नहीं लग सका है। शनिवार दोपहर पीएम के बाद मां-बेटी का नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया वहां मौजूद हर आंख नाम थी। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल था। पुलिस के मुताबिक संतलाल भूमिया 30 वर्ष निवासी बमबम ढाबा के पास बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार शाम लगभग 5 बजे उसके चाचा का लड़का संतोष भूमिया अपनी पत्नी रागिनी भूमिया एवं बेटी सुबन्या भूमिया के साथ के साथ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एन 7129 में भेड़ाघाट ससुराल जा रहा था जैसे ही लम्हेटा वायपास चौराहे पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बिना नम्बर के डंपर का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मारते हुये डंपर को। डिवाईडर पर चढ़ा दिया, टक्कर लगने से संतोष भूमिया, रागिनी एवं सुबन्या मोटर सायकल सहित गिर गये थे जिन्हें चोटें आने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया है। डाक्टर ने चैक कर रागिनी भूमिया 26 वर्ष एवं सुबन्या भूमिया 08 वर्ष को मृत घोषित कर दिया था संतोष की हालत नाजुक बताई जा रही है। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश कराई जा रही है डंपर को जब्त कर लिया गया है।

### बस का इंतजार कर रहे तीन युवकों को कार ने कुचला

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत पौड़ी पुल के पास बस का इंतजार कर रहे तीन युवकों को कार ने कुचल दिया। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आ गई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं कार चालक फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक संजू बसोर 28 वर्ष निवासी बजरिया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार को वह और उसका भाई लखन बसोर अपनी मोटर सायकल से जबलपुर जा रहे थे शानू अपने दोनों साथियों के साथ बस से जाने के लिये पौड़ी पुल के पास रोड़ किनारे खड़े हाकर बस का इंतजार कर रहे थे वह भी अपने भाई के साथ वहीं खड़े थे लगभग 10-30 बजे कार क्रमांक एमपी 20 जेड एम 3884 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये शानू, संदीप एवं लक्ष्मण को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों को चोटें आ गई। कार चालक भाग गया।

# हाईवा की टक्कर से कंडक्टर टूटा, 12 घंटे बिजली रही बंद

**पनागर-ढीमरखेड़ा ट्रांसमिशन लाइन हुई क्षतिग्रस्त, हादसे में चालक-परिचालक बाल-बाल बचे**



**जबलपुर।** 220 केवी सबस्टेशन पनागर से जुड़ी 132 केवी पनागर-ढीमरखेड़ा ट्रांसमिशन लाइन पर पनागर तहसील के सिंगोद गांव के पास भारतमाला सड़क निर्माण कार्य में लगे एक हाईवा ने मुरम खाली करते समय लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में लाइन का एक कंडक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 132 केवी सबस्टेशन ढीमरखेड़ा की विद्युत आपूर्ति लगभग 12 घंटे तक बाधित रही। घटना में हाईवा वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए। एमपी ट्रांसको ने पनागर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता पंकज यादव ने बताया कि हाईवा की टक्कर से ट्रांसमिशन लाइन के एक फेज का कंडक्टर टूट गया था। इससे ढीमरखेड़ा सबस्टेशन को पनागर से मिलने वाली बिजली आपूर्ति तत्काल बंद हो गई।

### लाइनों की क्रॉसिंग बनी चुनौती

कंडक्टर टूटने के बाद उसकी मरम्मत के लिए कुछ स्पान के कंडक्टर उतारना आवश्यक था, लेकिन इस ट्रांसमिशन लाइन के नीचे से 33 केवी की दो और 11 केवी की पाँच वितरण लाइनें गुजर रही थीं। इन पर शटडाउन मिलने के बाद ही मरम्मत कार्य आगे बढ़ाया जा सका।

### तीन जिलों की टीमों ने किया सुधार

टक्कर से कंडक्टर व टावर को गंभीर क्षति पहुँची थी। सुधार कार्य में एमपी ट्रांसको की कटनी, दमोह और जबलपुर की ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस टीमें लगाई गईं। लगातार प्रयासों के बाद लगभग 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के पश्चात ढीमरखेड़ा सबस्टेशन की आपूर्ति पुनः सामान्य की जा सकी।

### रात में गुलाबी ठंड दिन में गर्मी महसूस

**जबलपुर।** मानसून प्रणालियां कमजोर पड़ते ही गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। पारा लुढ़कने के साथ रात में गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है जबकि दिन में सूर्यदेव के तेवर तल्ख होने से गर्मी का एहसास बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो 15 अक्टूबर तक वर्षा नहीं होने और सामान्य तापमान की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से तीन डिग्रीकम रहा। न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 80 और शाम को 56 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तरीहवाएं चार से पांच किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो अगले 2-3 दिनों के दौरान महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के शेष भागों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं।

# 8 से पहले और 10 बजे के बाद नहीं फोड़ सकेंगे पटाखे

**जिला दंडाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा भेजी गई जिले की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले में ऐसे पटाखों के क्रय-विक्रय भण्डारण एवं परिवहन की गतिविधियों पर रोक लगा दी है, जिनके निर्माण में बेरियम साल्ट का इस्तेमाल किया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश में लड़ी में (जुड़े हुये) पटाखों तथा ऐसे पटाखों जिनकी तीव्रता विस्फोट स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो के क्रय-विक्रय भण्डारण एवं परिवहन पर भी रोक लगाई है। इसके साथ ही एण्टीमोनी लिथियम, मरकरी, आर्सेनिक, लेड, स्ट्रोनटियमक्रोमेट का उपयोग कर बनाये गये पटाखों के क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन को भी प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि पटाखों का ई-कॉमर्स अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर लायसेंसी विक्रय पर भी पूर्णतः रोक रहेगी। रात्रि 8 बजे से पहले एवं रात्रि 10 बजे के बाद पटाखे चलाना भी प्रतिबंधित रहेगा।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57